मुंबई की अब जल्द बदलेगी तस्वीर

शहर के बुनियादी ढांचे में बदलाव की पहल हो रही है। ऐसे में रियल एस्टेट डेवलपरों के लिए बड़े मौके तैयार होंगे

देव चटर्जी और राघवेंद्र कामत

भारत की वित्तीय राजधानी, मुंबई फिर से एक बड़े बदलाव के लिए तैयार हो रही है और बड़े पैमाने पर जमीन का पुनर्विकास होने जा रहा है। नया मेट्रो रेलवे वर्ष के अंत तक सेवाएं देने के लिए तैयार हैं और देश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशन, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस का आधुनिकीकरण निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ किया जा रहा है।

मुंबई के दूसरे हवाईअड्डे पर काम अगले महीने शुरू हो जाएगा जबकि कोरोना लॉकडाउन के बावजूद सेंट्रल मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ने वाले समुद्री लिंक पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। शहरी योजनाकारों का कहना है कि नरीमन पॉइंट को वर्ली से जोड़ने वाली एक तटीय सड़क परियोजना से शहर की भीड़ बड़े स्तर पर कम हो जाएगी।

शहरी योजनाकारों का कहना है कि इन सभी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (एमबीपीटी) की जमीन पर तैयार की जाने वाली ईस्टर्न वॉटरफ्रंट परियोजना में शहर की तस्वीर को हमेशा से बदलने की क्षमता है। इस परियोजना की मदद से झुग्गी-झोपड़ियों से भी छुटकारा मिल सकता है जिसमें मुंबई की आधी आबादी रहती है। साथ ही इसने न्यूयॉर्क की तर्ज पर एक सेंट्रल पार्क के निर्माण का अवसर भी दिया है। इस परियोजना को अहमदाबाद की कंपनी एचसीपी डिजाइन द्वारा डिजाइन किया जा रहा है जो अहमदाबाद में साबरमती तट और नई दिल्ली में सेंट्रल विस्टा परियोजना का भी डिजाइन तैयार कर रही है।

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट की लगभग 1,800 एकड़ की जमीन, मुंबई की आईलैंड सिटी के पूरे पूर्वी समुद्री तट को कवर करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह महाराष्ट्र, मुंबई और केंद्र सरकार के लिए इस शहर के सामने आने वाली सामाजिक और ढांचागत चुनौतियों का समाधान करने का अच्छा अवसर है।

जमीन का पुनर्विकास कर किफायती आवास, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, मनोरंजन और खेल बुनियादी ढांचा, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, जल परिवहन और जहाज आदि के लिए बुनियादी ढांचा और कला, संस्कृति, संगीत आदि के लिए इमारत तैयार किए जा सकते हैं। टाटा रियल्टी ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रबंध निदेशक संजय दत्त का कहना है, 'यह संभवत: पर्यावरण और वन्य जीवन की सुरक्षा पर जोर देने के साथ पर्यटन, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अलावा लोगों की जीवन शैली और बेहतरी में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। अगर वे हमारी रियल एस्टेट रणनीति में सटीक बैठते हैं तब हम और संभावनाएं तलाशेंगे।'



- मुंबई बंदरगाह की 1800 एकड़ से अधिक जमीन का पुनर्विकास निजी भागीदारी के जरिये किया जाना है
- अहमदाबाद की कंपनी एचसीपी डिजाइन को नवंबर 2016 में एमबीपीटी बोर्ड ने डिजाइन के लिए चुना
- पुनर्विकास से मुंबई के पूर्वी भाग में वाणिज्यिक और आवासीय जगहों में बढ़ोतरी होगी
- सार्वजनिक सुविधाओं, सड़कों के लिए आधी जगह आरक्षित की जाएगी

इससे पहले मध्य मुंबई के पश्चिमी हिस्से में लोअर परेल, दादर, एलफिंस्टन में वाणिज्यिक जिले का पुनर्विकास बंद कपड़ा मिलों की जमीन पर हुआ। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में सबसे बड़ी वित्तीय कंपनियां हैं और इसे 90 के दशक में यहां की दलदली जमीन को ठीक कर बनाया गया था। इसके बाद कई कंपनियां दक्षिण मुंबई के नरीमन प्वाइंट और बलार्ड एस्टेट से यहां के परिसर में स्थानांतरित हो गईं। इसी तरह, मध्य मुंबई के पूर्वी हिस्से जैसे शिवडी से भायखला तक के क्षेत्र के विकास का काम एमबीपीटी ने शुरू किया तब शहर की तस्वीर बदलनी लाजिमी थी। इसके अलावा बुनियादी ढांचा की एक साथ तैयार की गई परियोजनाएं, इस क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देंगी।

एक शहरी योजनाकार ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'पिछले 30 वर्षों में नए क्षेत्रों के पुनर्विकास में गरीब पीछे छूट गए और पूरे शहर में झुग्गी-झोपड़ियों वाली बस्तियां बन गईं। अरबपति अरबों डॉलर वाले घर में रहते हैं जिनके आसपास झुग्गी-झोपड़ियों वाली बस्तियां हैं। लेकिन अगर इस परियोजना का प्रबंधन अच्छी तरह से किया जाता है तब गरीबों के लिए भी इस शहर में बदलाव लाया जा सकता है। लेकिन कुछ शक्तिशाली लोगों का लालच अपने ही हिस्से में पलड़े को झुकाएगा।'

पुनर्विकास योजना के अनुसार, ट्रस्ट लगभग 253 हेक्टेयर जमीन का विकास करेगा और इनमें से आधा क्षेत्र सार्वजनिक गतिविधियों के लिए होगा। इस योजना में एक हाईटेक शहर, सरकारी कार्यालय, मनोरंजन स्थल, थीम पार्क आदि तैयार किए जाएंगे। इस योजना के साथ-साथ शहर के तटीय इलाकों का विकास कर पर्यटन बढ़ाने पर जोर दिया जाना है। क्षेत्र में नए होटल और रेस्तरां के विकास की भी उम्मीद है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट, जेएलएल के अनुसार नई सड़कों, रेल और मेट्रो नेटवर्क के विकास से शहर के पूर्वी-पश्चिमी इलाके की कनेक्टिविटी और बढ़ेगी जिससे इस क्षेत्र की रियल एस्टेट कीमतों में भी वृद्धि होगी और साथ ही नवी मुंबई की प्रॉपर्टी की कीमतों में भी सुधार होगा। बंदरगाह क्षेत्र पहले केवल औद्योगिक, वाणिज्यिक और बंदरगाह गतिविधियों तक ही सीमित था लेकिन इस पुनर्विकास योजना के तहत नई आवासीय इमारतें भी तैयार होंगी जिसमें लगभग एक लाख लोगों को मकान मिलेंगे।

जेएलएल के प्रमुख (रणनीतिक सलाह एवं मूल्यांकन एडवाइजरी) ए शंकर ने कहा, 'इस योजना के क्रियान्वयन की समय-सीमा पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी हालांकि एमबीपीटी इस प्रक्रिया पर तेजी से निगाह रखेगा और फिलहाल परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए पैनल के लिए सलाहकारों को चुन रहे हैं।'

रियल एस्टेट कंपनियों ने कहा कि अगर ठीक से योजना बनाई जाए तो ईस्टर्न कॉरिडोर मुंबई का कायाकल्प कर सकता है। ओबेरॉय रियल्टी के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) विकास ओबेरॉय ने कहा, 'दुनिया भर के ज्यादातर शहरों ने सार्वजनिक उद्यान, सामाजिक बुनियादी ढांचे, आवासीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों का निर्माण योजनाबद्ध तरीके से किया है।' उनका कहना है, 'अगर एमबीपीटी एक वास्तविकता बनता है तब यह रियल एस्टेट कंपनियों को सार्वजनिक पार्क, मॉल, होटल, स्कूल, अस्पताल, आवासीय और वाणिज्यिक परिसरों का निर्माण करने के लिए बेहतर मौके देगा।' हालांकि इसमें एक बाधा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य सरकार के बीच होने वाली तनातनी होगी। एमबीपीटी केंद्र सरकार की संस्था है। वहीं राज्य में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गठबंधन वाली सरकार है।

एक शहरी योजनाकार ने कहा, 'हम बस यह प्रार्थना कर सकते हैं कि सभी सरकारें मुंबई के दीर्घकालिक भविष्य पर जोर दें और बड़े पार्कों, टहलने की जगहें तैयार करने जैसी सार्वजनिक सुविधाओं को बढ़ाएं। पहले भी इस शहर में लालच की वजह से कुछ अच्छा नहीं हो पाया।'

अमेरिका और भारत के रिश्ते अहम: ब्लिंकन

भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संबधों का संकेत देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अफगानिस्तान की स्थिति, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भागीदारी, कोविड-19 महामारी से निपटने के प्रयासों और क्षेत्रीय सुरक्षा मजबूत करने के तौर तरीकों पर बुधवार को व्यापक बातचीत की। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ब्लिंकन ने कहा कि दुनिया में कुछ ही ऐसे संबंध है जो अमेरिका और भारत के रिश्ते से अधिक अहम हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के अग्रणी लोकतंत्रों के तौर पर हम अपने सभी लोगों को स्वतंत्रता, समानता एवं अवसरों को लेकर अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हैं।

एंटनी ब्लिंकन (बाएं) ने एस जयशंकर से मुलाकात की

ब्लिंकन ने कहा कि भारत और अमेरिका के कदम ही 21 वीं सदी और उसके बाद के दौर का स्वरूप तय करेंगे और यही वजह है कि भारत के साथ साझेदारी मजबूत करना अमेरिका की विदेश नीति की शीर्ष प्राथमिकताओं में एक है। अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'भारत और अमेरिका इस संकल्पना के प्रति कटिबद्ध है कि उस देश में संघर्ष का कोई सैन्य हल नहीं है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए आवश्यक है कि तालिबान एवं अफगान सरकार वार्ता की मेज पर आएं।' उन्होंने कहा, 'हमारे (भारत और अमेरिका के) बीच इस बात पर दृढ़ सहमति है कि अफगानिस्तान की कोई भी भावी सरकार सबको साथ लेकर चलने वाली और अफगान लोगों का पूर्ण प्रतिनिधित्व करने वाली हो। यह अफगान के नेतृत्व और अफगान स्वामित्व वाली शांति प्रक्रिया होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि भारत ने अफगानिस्तान के स्थायित्व एवं विकास में अहम योगदान दिया है और देता रहेगा।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह वार्ता ऐसे अहम पड़ाव पर हुई है जब अहम वैश्विक एवं क्षेत्रीय चुनौतियों के प्रभावी समाधान की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमारी द्विपक्षीय साझेदारी इस स्तर तक बढ़ी है कि यह हमें बड़े मुद्दों से मिलकर निपटने में सक्षम बनाती है।' उन्होंने कहा कि कोरोनावायरस महामारी स्वाभाविक रूप से खास प्राथमिकता है इसलिए हमने कोविड की चुनौतियों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा, 'हमारी नजर अफगानिस्तान, हिंद-प्रशांत और खाड़ी क्षेत्र पर है।' अफगानिस्तान के संदर्भ में उन्होंने कहा कि विश्व स्वतंत्र, संप्रभु, लोकतांत्रिक एवं स्थिर अफगानिस्तान देखना चाहता है।

मोदी से मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की और भारत-अमेरिका सामरिक साझेदारी को मजबूत करने की राष्ट्रपति जो बाइडन की प्रतिबद्धता का स्वागत किया।

मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'आज अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत-अमेरिकी सामरिक साझेदारी को लेकर राष्ट्रपति बाइडन की मजबूत प्रतिबद्धता का मैं स्वागत करता हूं। यह साझेदारी हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को आकार देता है और वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत भी है।' ब्लिंकन मंगलवार शाम भारत पहुंचे। उनका अन्य नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। *भाषा*

जीका सहित कई टीके तैयार करेगी जेनोवा

सोहिनी दास



जेनोवा बायोफार्मासूटिकल्स एम-आरएनए तकनीक की मदद से जीका, दाद और क्षय रोग के टीके बनाने की योजना पर काम कर रही है। कंपनी भारत में एम-आरएनए आधारित कोविड-19 टीका तैयार करने पर पहले से ही काम कर रही है। जेनोवा बायोफार्मासूटिकल्स पुणे स्थित एमक्योरबायोफार्मासूटिकल्स की सहायक इकाई है।

जेनोवा के अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी समित मेहता ने कहा, 'एम-आरएनए तकनीक कई रोगों की पहचान एवं उनके इलाज में काम आता है। हमने एम-आरएनए तकनीक पर कुछ वर्ष पहले काम शुरू किया था। उस समय हमने हमने सिएटल स्थित एचडीटी बायोटेक कॉर्पोरेशन के साथ कैंसर के इलाज का टीका तैयार करने के लिए सहयोग किया था।' मेहता ने कहा कि कंपनी अब एम-आरएनए तकनीक का इस्तेमाल कर जीका वायरस, दाद और क्षय रोग से सुरक्षा देने वाले टीके तैयार कर रही है। उन्होंने कहा, 'क्षय रोग के इलाज में इस्तेमाल होने वाले टीके और दवाइयां अब पुरानी हो चुकी हैं। अब इस दिशा में नई दवाओं के ईजाद की जरूरत है। कई सरकारी संगठन इस बीमारी के इलाज का टीका तैयार करने के लिए एम-आरएनए तकनीक का इस्तेमाल करने को इच्छुक हैं। हमें लगता है कि क्षय रोग का टीका तैयार करने के लिए बहु-आयामी पहल की जा सकती है।'

कोविड-19 से बचाव के टीके पर कंपनी ने कहा कि वह दूसरे एवं तीसरे चरण के परीक्षण को आंकड़े दवा नियामक को सौंपने वाली है। अगर सारी चीजें योजनानुसार आगे बढ़ीं तो इस वर्ष के अंत तक परीक्षण पूरा हो जाएगा और बाजार में टीका उपलब्ध हो जाएगा। कंपनी मोनोक्लोनल ऐंटीबॉडी विकसित करने की दिशा में भी काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि अगस्त से दिसंबर के बीच उसे जेनोवा के एम-आरएनए तकनीक आधारित कोविड-19 टीके की 6 करोड़ खुराक उपलब्ध होने की उम्मीद है। हालांकि कंपनी ने अपने टीके की उपलब्धता को लेकर कोई समय सीमा का जिक्र तो नहीं किया है लेकिन वह उक्त अवधि में खुराक उपलब्ध करने के लिए प्रयासरत है। एम-आरएनए तकनीक आधारित टीके में नोवेल कोरोनावायरस सार्स-सीओ-2 का स्पाइक प्रोटीन (ऐंटीजन) होता है। जब टीका शरीर में डाला जाता है तो सिंथेटिक एमआरएनए मांशपेशी की कोशिकाओं में पहुंचकर असंख्य एम-आरएनए और ऐंटीजन तैयार करने में मदद करता है। इससे शरीर की प्रतिरोधी क्षमता बढ़ती है और वायरस से संक्रमण की स्थिति में शरीर को सुरक्षा प्रदान करता है। एमक्योर ग्रुप के प्रवर्तक एवं मुख्य कार्याधिकारी सतीश मेहता ने कहा कि ताजा शोध से हमें पता चला है कि हमें कोविड-19 के बूस्टर डोज (अतिरिक्त खुराक) की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने कहा, 'इस बात के मद्देनजर हम एक उच्च तकनीक आधारित टीका तैयार कर सकते हैं। बाजार में उपलब्ध उम्दा दवा की सर्वाधिक मांग होगी।'

हालांकि उन्होंने कहा कि यह टीका तैयार करने के लिए लगभग 43 अलग-अलग तत्त्वों की जरूरत होगी और अब तक एमआरएनए टीके में इस्तेमाल होने वाले तत्वों का आपूर्ति तंत्र पूरी तरह विकसित नहीं हो पाया है।

जेनोवा तत्वों (एपीआई) अपनी प्रयोगशालाओं में तैयार करेगी और इसे शीशी में भरने और लेबल आदि लगाने के लिए मांग को ध्यान में रखते हुए साझेदार की तलाश कर सकती है। एमक्योर ने स्वयं बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों के लिए अनुबंध पर टीके तैयारी करने वाली कंपनी के तौर पर शुरुआत की थी।

विपक्ष के नेतृत्व की बात तय नहीं: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष का चेहरा बनाए जाने के मुद्दे पर बुधवार को मिलीजुली प्रतिक्रिया दी और कहा कि यह सब परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि उनके अलावा किसी और को विपक्ष का नेतृत्व दिया जाता है तो उन्हें कोई समस्या नहीं है। *भाषा*

संसद में गतिरोध जारी

पेगासस जासूसी विवाद, तीन कृषि कानूनों, महंगाई सहित विभिन्न मुद्दों पर लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही बुधवार को भी बाधित हुई। विपक्षी दलों की नारेबाजी के बीच ही संसद के दोनों सदनों में कुछ विधेयकों को मंजूरी दे दी गई। लोकसभा ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2021 और वर्ष 2021-22 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों एवं संबंधित विनियोग विधेयक को मंजूरी दी। विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही पांच बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

संसद के मॉनसून सत्र में पिछले सप्ताह और इस सप्ताह के शुरुआती दो दिन में विपक्ष के हंगामे के बीच पूरा प्रश्नकाल बाधित रहा था।



बुधवार सुबह सदन की बैठक शुरू होते ही जब लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का निर्देश दिया तो कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य उक्त विषयों पर नारेबाजी करते हुए और तख्तियां लहराते हुए आसन के समीप आ गए। हंगामे के बीच ही पूरा प्रश्नकाल बाधित हो गया। दूसरी तरफ हंगामे के बीच, राज्यसभा में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2021 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। यह विधेयक लोकसभा में पहले ही पारित हो चुका है।

अदालत करे जांच

कांग्रेस समेत कई प्रमुख विपक्षी दलों ने पेगासस जासूसी मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय करार देते हुए कहा कि इसको लेकर सभी दल एकजुट और सहमत हैं कि इस पर संसद में चर्चा होनी चाहिए और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में इसकी जांच होनी चाहिए। बैठक के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पर पेगासस स्पाईवेयर का उपयोग करके लोकतंत्र की आत्मा पर चोट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद भवन स्थित कक्ष में विपक्षी दलों की बैठक हुई। *भाषा*

पंजाब एण्ड सिंध बैंक | Punjab & Sind Bank

शाखा कार्यालय : पहाड़ गंज, 5/1, डी.बी. गुप्ता रोड, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055, ई-मेल : 00015@psb.co.in

[(नियम 8(1) कब्जा सूचना] (अचल संपत्ति के लिए)

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजाब एण्ड सिंध बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की उप-धारा 13(12) के सहपठित (नियम 3) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियां का प्रयोग में, दिनांक 01.04.2021 को मांग सूचना जारी करते हुए कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) (1) मैसर्स श्रद्धा अपेरल्स अपने साझेदारों के माध्यम से, श्री पंकज गुप्ता पुत्र सत्य प्रकाश गुप्ता और (2) श्री राहुल गुप्ता पुत्र श्री सत्य प्रकाश गुप्ता (3) श्रीमती अलका गुप्ता पत्नी श्री राहुल गुप्ता को सूचना में उल्लेखित रुपये 1,43,89,514.48 (रुपये एक करोड़ तैंतालीस लाख नवासी हजार पांच सौ चौदह और अड़तालीस पैसे मात्र) की देय राशि उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने की मांग की गई है।

जैसा कि कर्जदार देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, कर्जदार और आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13(4) के सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 27-07-2021 को समय : अपराह्न 01:00 बजे निम्न वर्णित संपत्ति पर कब्जा प्राप्त कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति के साथ किसी प्रकार का लेनदेन न करें और उनके द्वारा किया गया किसी भी प्रकार का लेनदेन पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शाखा कार्यालय : पहाड़गंज शाखा) को देय 1,43,89,514.48 (रुपये एक करोड़ तैंतालीस लाख नवासी हजार पांच सौ चौदह और अड़तालीस पैसे मात्र) और उस पर ब्याज सहित प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदारों का ध्यान उपलब्ध समय के संबंध में, प्रत्याभूत परिसंपत्ति को छुड़ाने के लिए, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों पर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

"अचल बंधक संपत्ति का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग : संपत्ति सं. IX/4409, 5 स्तरीय भवन, मापक 2 वर्ग गज, (100.32) वर्ग मीटर) खसरा सं. 147 गली सं. 07 अजीत नगर पर स्थित, गांधी नगर, ग्राम सीलमपुर शाहदरा दिल्ली-110031" बिक्री विलेख पंजीयन सं. 10748 अतिरिक्त पुस्तक सं. 1, खंड सं. 4701, पृष्ठ सं. 48 से 44 दिनांक 14.06.2021 को उप-पंजीयक VIII के कार्यालय में दिल्ली। संपत्ति सीमांकन प्रकार : उत्तर : गली, पश्चिम : अन्यों की संपत्ति, पूर्व : अन्य की संपत्ति, दक्षिण : अन्यों की संपत्ति।

दिनांक : 27.07.2021, स्थान : दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक

इंडियन बैंक | Indian Bank

ZO DELHI SOUTH, 17 PARLIAMENT STREET, NEW DELHI-110001

शुद्धि पत्र

दिनांक 14.07.2021 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन ई-नीलामी सूचना के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.07.2021 को विभिन्न संपत्तियों की ई-नीलामी होनी निश्चित कि गई थी जिसमें से हम खाता न्यू जनता स्टोर CC A/c No. 50144506179 (शारदा ग्रीन पार्क) कि संपत्ति की ई-नीलामी को किन्ही अपरिहार्य कारणों से निरस्त करते है। शेष पूर्वानुसार रहेगा।

दिनांक: 28.07.2021, स्थान: नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

बी-38/39, कम्यूनिटी सेन्टर, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I, नारैना, नई दिल्ली-110028
फोन सं.: 011-47596621, ई-मेल : d0181@psb.co.in

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना

एतद् द्वारा यह मांग सूचना वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के 54) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के तहत यहां निम्न उल्लेखित उधारकर्ताओं/गारंटरों को उनकी गारंटी पर/उन्हें दी गई ऋण सुविधाओं के लिए बकाया राशि, इस सूचना की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए बुलाने के लिए दिया गया है। यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के तहत इस सूचना के संदर्भ में भविष्य के ब्याज और आकस्मिक खर्चों, लागत आदि के साथ निम्न उल्लेखित राशि बैंक को चुकाने में विफल रहते हैं, तो बैंक धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत विस्तृत सभी या किसी भी अधिकार के तहत और उक्त अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों का प्रयोग करेगा। आपको धारा 13 की उप-धारा 3 के संदर्भ में यह भी सूचित किया जाता है कि आप बैंक की लिखित सहमति प्राप्त किए बिना इस सूचना के निम्न विस्तृत उक्त प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बिक्री, पट्टा या अन्यथा स्थानांतरित नहीं करेंगे। बकाया राशि के साथ खाते और प्रत्याभूत परिसंपत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है :

उधारकर्ताओं और गारंटरों के नाम	बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि
1. श्रीमती सोनू पत्नी श्री किशन सिंह, उधारकर्ता, डी-2/106, जीवन पार्क, पंखा रोड, जनकपुरी उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 इसके अलावा : प्लॉट सं. 12 दूसरा तल, ग्राम असल्तपुर, जीवन पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 2. श्री किशन सिंह पुत्र श्री धरमपाल सिंह, उधारकर्ता, डी-2/106, जीवन पार्क, पंखा रोड, जनकपुरी उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 इसके अलावा : प्लॉट सं. 12 दूसरा तल, ग्राम असल्तपुर, जीवन पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 3. श्री विकास कपूर पुत्र श्री सुरेन्द्र कपूर, गारंटर, डी-2/106-107ए, जीवन पार्क, पंखा रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली-110059	अचल संपत्ति प्लॉट सं. 12, दूसरा तल, छत के साथ, धारक खसरा सं. 9/14, ग्राम असल्तपुर के क्षेत्र में स्थित कॉलोनी जीवन पार्क के नाम से ज्ञात, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059, मापक क्षेत्र 100 वर्ग गज। बिक्री विलेख दस्तावेज सं. 11295 अतिरिक्त पुस्तक सं. 1 में, खण्ड सं. 16926, पृष्ठ सं. 153 से 157 पर दिनांक 10.07.2009 को उपपंजीयक एसआर II के कार्यालय में, जनकपुरी, नई दिल्ली/दिल्ली में पंजीकृत। सीमांकन प्रकार : उत्तर : अन्य की संपत्ति, पश्चिम : अन्य की संपत्ति, पूर्व : 20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण : 10 फुट चौड़ी गली।	06.04.2021 रुपये 9,49,064.84/- दिनांक 31.03.2021 तक और उस पर शामिल ब्याज एनपीए दिनांक : 31.03.2021
1. श्रीमती प्रतिभा सभरवाल पत्नी श्री नीतिन कपूर, उधारकर्ता, डी-2/106, जीवन पार्क, पंखा रोड, उत्तम नगर, डी-के मोहन गार्डन, नई दिल्ली-110059 इसके अलावा : डी-2/107, जीवन पार्क, पंखा रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 2. श्री नीतिन कपूर पुत्र श्री सुरिन्दर कपूर, उधारकर्ता, डी-2/106, जीवन पार्क, पंखा रोड, उत्तम नगर, डी-के मोहन गार्डन, नई दिल्ली-110059 इसके अलावा : डी-2/107, जीवन पार्क, पंखा रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 3. श्री सुरिन्दर कपूर पुत्र श्री चरण दास कपूर, गारंटर, डी-2/107, जीवन पार्क, पंखा रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली-110059	अचल संपत्ति प्लॉट सं. 12, प्रथम तल, छत अधिकारों के साथ, धारक खसरा सं. 9/14, ग्राम असल्तपुर के क्षेत्र में स्थित कॉलोनी जीवन पार्क के नाम से ज्ञात, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059, मापक क्षेत्र 100 वर्ग गज। बिक्री विलेख दस्तावेज सं. 6318 अतिरिक्त पुस्तक सं. 1 में, खण्ड सं. 16780, पृष्ठ सं. 62 से 66 पर दिनांक 24.04.2009 को उपपंजीयक - एसआर II के कार्यालय में, जनकपुरी, नई दिल्ली/दिल्ली में पंजीकृत। सीमांकन प्रकार : उत्तर : अन्य की संपत्ति, पश्चिम : अन्य की संपत्ति, पूर्व : 20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण : 10 फुट चौड़ी गली।	06.04.2021 रुपये 9,02,613.37/- दिनांक 31.03.2021 तक और उस पर शामिल ब्याज एनपीए दिनांक : 31.03.2021

दिनांक : 26.07.2021, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक

बैंक ऑफ बड़ौदा | Bank of Baroda

www.bankofbaroda.in

प्रस्ताव हेतु अनुरोध

बैंक ऑफ बड़ौदा एंटरप्राइज एग्रीमेंट (ईए) तथा सर्वर एवं क्लाउड एनरोलमेंट (एससीई) के अंतर्गत माइक्रोसॉफ्ट उत्पादों के नवीकरण हेतु निविदा आमंत्रित करता है.

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in के निविदा खंड पर उपलब्ध है.

इस संबंध में कोई "परिशिष्ट" होने पर इसे बैंक की वेबसाइट अर्थात www.bankofbaroda.in के निविदा खंड पर जारी किया जाएगा. बोलीकर्ता अपने प्रस्तावों की अंतिम प्रस्तुति से पूर्व इसे देख लें.

उपर्युक्त निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 26 अगस्त, 2021 को अपराह्न 3:00 बजे तक है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 29.07.2021 — मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी
43/21-22

बैंक ऑफ बड़ौदा | Bank of Baroda

www.bankofbaroda.in

निविदा सूचना

बैंक ऑफ बड़ौदा 5 वर्षों के लिए ई-ऑडिट सोल्यूशन की आपूर्ति, इंस्टॉलेशन तथा रखरखाव हेतु निविदा आमंत्रित करता है.

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in के निविदा खंड पर उपलब्ध है.

इस संबंध में कोई "परिशिष्ट" होने पर इसे बैंक की वेबसाइट के निविदा खंड पर जारी किया जाएगा. बोलीकर्ता अपने प्रस्तावों की अंतिम प्रस्तुति से पूर्व इसे देख लें.

उपर्युक्त आरएफपी जमा करने की अंतिम तारीख : 26 अगस्त, 2021 है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 29.07.2021 — मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी
42/21-22

सार्वजनिक घोषणा

माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ, नई दिल्ली के समक्ष
सीपी (आईबी)-894(एनडी)2019

निम्नलिखित के मामले में :
राम निवास एण्ड सन्स ...याचिकाकर्ता
[illegible]